# *कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी*

***प्रेस नोट***

***दिनांक-19.01.2025***

**विषयः-"ऑपरेशन चक्रव्यूह" अभियान के अन्तर्गत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखधडी करके जमीन अपने नाम करवाने वाले अभियुक्तगण को थाना फूलपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19.01.2025 को थाना फूलपुर पुलिस द्वारा वर्तमान में चल रहे "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के अन्तर्गत चेंकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कुआर मोड़ के पास से मु0अ0सं0 34/23 धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि में वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार पटेल पुत्र लालमन पटेल, नि0 ग्राम कनियर, थाना बडागांव, जनपद वाराणसी उम्र लगभग 42 वर्ष व 01 नफर अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. प्रदीप कुमार पटेल पुत्र लालमन पटेल, नि0 ग्राम कनियर, थाना बडागांव, जनपद वाराणसी उम्र लगभग 42 वर्ष।
2. 01 नफर अभियुक्ता

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ के दौरान अभियुक्ता ने बताया कि मेरे पिता मिश्रीलाल के नाम की जमीन बरजी गांव स्थित हाइवे के किनारे है। जमीन हाइवे में जाने वाली थी जिसकी जानकारी हम लोगो को थी पैसे के लालच में आकर अपने पति के साथ मिलकर पिता के नाम की जमीन को फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपने नाम वरासत कराकर जमीन के कुछ हिस्सा को बेच दिया था। फिर मेरे पिता मिश्रीलाल को पता चलने पर थाना फूलपुर पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 रवि प्रकाश सिंह, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 जितेन्द्र यादव, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी।
3. का0 अरबिन्द सिंह, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी।
4. म0का0 नमिता सिंह, थाना फूलपुर, कमि0 वाराणसी।

***सोशल मीडिया सेल***
***पुलिस उपायुक्त***
***गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी***